पढ़ने की जाँच SAMPLE (1)

Annual Status of Education Report
असर ASER 2016 RURAL
Facilitated by PRATHAM

कहानी

सावन का महीना था। आसमान में बहुत काले-काले बादल छाए थे। ठंडी-ठंडी हवा चल रही थी। मुझे झूला झूलने का मन किया। बड़े भैया एक मोटी सी रस्सी लेकर बाहर आए। भैया ने रस्सी को पेड़ से लटकाकर झूला बनाया। सब ने मिलकर खूब झूला झूला। बाकी बच्चे भी आकर मज़े से झूलने लगे। झूलते-झूलते रात हो गई।

अनुच्छेद

बग़ीचे में एक पेड़ है।
पेड़ पर एक तोता रहता है।
तोते का रंग हरा है।
वह लाल टमाटर खाता है।

अनुच्छेद

नीतू के घर में गाय है।
उसका रंग सफेद है।
गाय हरी घास खाती है।
वह बहुत दूध देती है।

पढ़ने की जाँच SAMPLE (1)

Annual Status of Education Report
असर ASER 2016 RURAL
Facilitated by PRATHAM

अक्षर

ल प स

क ग

ड ब म

ट झ

बच्चे से कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

शब्द

लाल दूध

पैर

तेल किला

मोर जूता

कुल

पानी मौका

बच्चे से कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

पढ़ने की जाँच SAMPLE (2)

कहानी

नगमा समझदार लड़की थी। मगर उसका छोटा भाई अमन बहुत नटखट था। एक दिन दोनों बाज़ार में घूम रहे थे। अमन ने रास्ते में पकौड़े देखे। उसे पकौड़े बहुत पसंद थे। माँ उसके लिए पकौड़े बनाती थी। नगमा ने कहा यह पकौड़े तीखे होंगे। मगर अमन नहीं माना। अमन ने पकौड़े खाए और उसकी आँखों से आँसू निकलने लगे।

अनुच्छेद

रात हो गई है।
चाँद दिख रहा है।
तारे भी चमक रहे हैं।
सब लोग सो गए हैं।

अनुच्छेद

काले बादल छाए हैं।
तेज़ बारिश हो रही है।
मोर भी नाच रहा है।
सब नाच देख रहे हैं।

पढ़ने की जाँच SAMPLE (2)

Annual Status of Education Report
असर ASER 2016 RURAL
Facilitated by PRATHAM

अक्षर

न प म

च स

थ ग द

र ल

बच्चे से कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

शब्द

आग सोच

ताला

गिर पानी

मौका धुन

देश

पैसा बूढ़ा

बच्चे से कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

पढ़ने की जाँच SAMPLE (3)

कहानी

रामपुर में एक मैदान था। वहाँ कुछ नहीं उगता था। वहाँ कोई खेलने नहीं जाता था। एक दिन कुछ लोग आए। उन्होंने गाँव के लोगों को बुलाया। सबने मिलकर तय किया कि यहाँ बग़ीचा बनाया जाए। खाद मंगाकर तरह-तरह के पौधे लगाए गए। सही समय पर पानी दिया गया। आज वहाँ एक सुंदर बग़ीचा है। इसलिए वहाँ सभी खेलने जाते हैं।

अनुच्छेद

रूपा बाहर खेल रही थी।
खेलते-खेलते रात हो गई।
रूपा अपने घर चली गई।
वह खाना खाकर सो गई।

अनुच्छेद

आज मामा आए हैं।
मिठाई साथ लाए हैं।
हम सब मिठाई खाएंगे।
फिर मामा से कहानी सुनेंगे।

पढ़ने की जाँच SAMPLE (3)

Annual Status of Education Report
असर ASER 2016 RURAL
Facilitated by PRATHAM

अक्षर

द	क	च
ल	ब	
ह	थ	त
म	ख	

बच्चे से कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

शब्द

नाक	तोता
कूड़ा	
खुश	मैना
मौका	सेब
पीला	
झोला	दिन

बच्चे से कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

पढ़ने की जाँच SAMPLE (4)

Annual Status of Education Report
असर ASER 2016 RURAL
Facilitated by PRATHAM

कहानी

राजू नाम का एक लड़का था। उसकी एक बड़ी बहन व एक छोटा भाई था। उसका भाई गाँव के पास के विद्यालय में पढ़ने जाता था। वह खूब मेहनत करता था। उसकी बहन बहुत अच्छी खिलाड़ी थी। उसे लंबी दौड़ लगाना अच्छा लगता था। वे तीनों रोज़ साथ-साथ मौज-मस्ती करते थे।

अनुच्छेद

हर रविवार नानी घर आती है।
हमारे लिए मिठाई लाती है।
मैं नानी के साथ सोता हूँ।
वह मुझे कहानी सुनाती है।

अनुच्छेद

मेरे चाचा की शादी है।
सबके नए कपड़े बने हैं।
बहुत मेहमान आ रहे हैं।
घर में धूम-धाम है।

पढ़ने की जाँच SAMPLE (4)

अक्षर

ह च ट

ल न

फ म र

स त

बच्चे से कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।

शब्द

कुल बड़ा

रोटी

पानी चूना

चलो हीरा

पैर

देर कौन

बच्चे से कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिए।